## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ मनाया तीज पर्व

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर की वुमन सेल व कलाकृति क्लब की ओर से शुक्रवार को तीज उत्सव हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपराओं व महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना रहा। महिला संकाय सदस्यों व छात्राओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर भाग लिया। लोकगीतों व नृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया।

### दो कारों की भिड़ंत में दंपति समेत चार घायल

**यमुनानगर।** नेशनल हाइवे 344 पर गांव जामपुर के पास दो कारों की भिड़ंत में दंपत्ति समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव भेड़थल निवासी पिंकी रानी ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति रामकुमार व गांव की महिला करिश्मा व मीना कुमारी के साथ 20 जुलाई को कार में किसी काम से जा रहे थे।

### साक्षी ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में किया ओवरऑल टॉप

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के जनसंचार विभाग की छात्रा साक्षी ने कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय की मेरिट सूची में ओवर ऑल टॉप किया है। साक्षी की इस उपलब्धि पर कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने छात्रा व विभाग अध्यक्ष परमेश कुमार त्यागी को बधाई दी। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष परमेश कुमार त्यागी ने बताया कि कुवि की ओर से बीए मॉस कम्यूनिकेशन अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। अंतिम वर्ष की छात्रा साक्षी ने 76.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर कुवि की मेरिट सूची में ओवर ऑल टॉप किया है। जो कि सभी के लिए गर्व की बात है।

### युवक से चार लाख 70 हजार रुपये ठगे

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने फॉरेस्ट ट्रेडिंग में इंवेस्टमेंट करवा अधिक लाभ देने का लालच देकर शहर के ईस्ट भाटिया नगर निवासी सौरभ बांगा से चार लाख 70 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। शहर के ईस्ट भाटिया नगर निवासी सौरभ बांगा ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 मार्च को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप से जुड़ गया।

### व्यक्ति ने बाथरूम में घुसकर बचाई जान, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

# घर में घुसकर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने व्यक्ति पर की फायरिंग

व्यक्ति की पत्नी के भांजे पर दोस्तों के साथ मिलकर फायरिंग करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की लठमार गली बीती रात आधा दर्जन से अधिक युवकों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति पर फायरिंग कर दी। व्यक्ति ने बाथरूम में घुसकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

पुलिस को जांच के दौरान मौके से चार खोल व एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। हमले का आरोप व्यक्ति की पत्नी के भांजे अरूण पर लगा है। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी ने अपने भांजे अरूण को पति से बिना पूछे एक्टिवा दिलवाई थी। जिसके बाद से घर में तनाव था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** जगाधरी की लठमार गली में हुई फायरिंग के मामले में कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जानकारी के अनुसार जगाधरी की लठमार गली निवासी मोहित ने बताया कि वह वीरवार रात को अपनी पत्नी के साथ खाना खाकर सोने की तैयारी में था। इस दौरान उनके घर की घंटी बजी। जब उसकी पत्नी गेट खोलने के लिए गई तो उसकी पत्नी का भांजा अरूण अपने साथ करीब आधा दर्जन युवकों को लेकर घर में घुस गया। सभी के हाथ में पिस्टल थी। इस दौरान आरोपी ने आते ही उस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। उसने बाथरूप में घुसकर अपनी जान बचाई।

इसके बाद भी आरोपी ने उस पर दो राउंड फायर किए। गोली चलने की आवाज सुनकर जब आस पड़ोस के लोग इकट्ठे हुए तो आरोपी गली में भी हवाई फायर करते हुए मौके से फरार हो गए।

#### क्या कहते हैं जांच अधिकारी

जगाधरी शहर थाना प्रभारी तरसेम का कहना है कि आरोपी अरूण व उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल सहित आला अधिकारी और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जरूरी सबूत जुटाए। इस दौरान पुलिस टीम को मौके से गोली के चार खोल और एक जिंदा राउंड बरामद हुआ।



**यमुनानगर।** रादौर में नपा में आयोजित बैठक में नवनियुक्त पार्षदों को शपथ दिलवाते कृषि मंत्री।

## वार्डों का मिलकर विकास करवाएं नपा के पार्षदः राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगर पालिका रादौर में नपा कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाग लिया। नवनियुक्त नपा पार्षदों को शपथ दिलाई और अधिकारियों से विकास कार्यों के बारे में दिशा निर्देश दिए। मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सबसे पहले बैठक में नवनियुक्त नॉमिनेटेड पार्षद देवेंद्र सैनी व प्रीति गर्ग को शपथ दिलवाकर पदभार सौंपा। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सभी पार्षदों व नगरपालिका कर्मचारियों को चेयरमैन रजनीश मेहता के नेतृत्व में शहर का संपूर्ण विकास करवाना है। नगरपालिका में अनुदान राशि की कोई कमी नहीं है। रादौर का हर पार्षद जनता का प्रतिनिधित्व करता है। जनता ने उनको व सभी पार्षदों को चुनकर विकास कार्य करवाने के लिए भेजा है। सभी पार्षद मिलकर अपने अपने वार्डो में विकास कार्य करवाए। उन्होंने सभी पार्षदों को एसके रोड व शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए सभी की जिम्मेवारी लगाई। मौके पर नपा चेयरमैन रजनीश मेहता, सचिव सुरेंद्र मलिक, पार्षद भगवतदयाल कटारिया, जसवंत सिंह बंचल, ऋषिपाल नंबरदार, विनिश राणा, सुदेश सैनी, प्रीति गर्ग, देवेंद्र सैनी, अमित आदि मौजूद रहे।

# पति ने दो दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी के प्रेमी पर डंडों से हमला कर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव दामला में एक पति ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी पत्नी के प्रेमी पर डंडों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। महिला अपने पति से अनबन के चलते पिछले दो महीने से अपने प्रेमी के साथ रह रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला रोहतक के गांव बाहु अकबरपुर निवासी अंशु ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 2018 में गांव बाहु अकबरपुर निवासी विजेंद्र के साथ हुई थी। शादी के बाद उनके पास एक लड़का व लड़की है।

अब वह गांव दामला स्थित प्लाईवुड फैक्टरी में काम करती है। उसके अपने पति विजेंद्र के साथ अनबन चल रही है। अंशु ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर के गांव



- पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ किया हत्या के आरोप में केस दर्ज

लोहरपुर निवासी अजीत कुमार को दो साल से जानती थी। अजीत कुमार रिश्ते में उसके जीजा का भाई है।

वह दोनों आपस में प्यार करने लगे थे। उसने अजीत कुमार को काम करने के लिए दामला में बुला लिया था। जिसके बाद अजीत भी प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करने लगा। अंशु ने बताया कि उसके पति विजेंद्र को उसके व अजीत के संबंधों के बारे में पता चल गया। विजेंद्र उस पर ससुराल में चलने का दबाव बना रहा था। मगर वह अजीत के साथ रहना चाहती थी।

21 जुलाई को उसका पति विजेंद्र अपने साथी गांव के ही गोल्डी व सोनू के साथ कार में सवार होकर दामला में आया। आरोपी उसे अपने साथ ले जाने को बोलने लगा। मगर उसने मना कर दिया। इस दौरान अजीत भी वहां आ गया। जब अजीत ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने कार से डंडे व बिंडें निकालकर अजीत पर हमला कर दिया। जिसके वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। वह अजीत को लेकर यमुनानगर सिविल अस्पताल में आई। जहां से दवाई लेने के बाद वह वापस आ गई। मगर देर शाम अजीत की तबीयत फिर से खराब हो गई। जब वह उसे अस्पताल लेकर गई तो वहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसने आरोप लगाया कि विजेंद्र, गोल्डी व सोनू द्वारा की गई मारपीट से अजीत की मौत हुई है। हाइसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अजीत को परिजनों को सूचित किया।

बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाईः नैन

*नगर निगम यमुनानगर व मार्केट कमेटी की संयुक्त टीम ने शहर की सब्जी मंडी से हटवाया अतिक्रमण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर व मार्केट कमेटी द्वारा संयुक्त रुप से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शहर की सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान सब्जी मंडी से सड़क पर खड़ी रेहड़ियों को हटवाया और मंडी में जमा गंदगी को साफ कराया गया। रेहड़ी संचालकों ने सड़क पर रेहड़ियां खड़ी करने के साथ साथ फल व सब्जियां रखी हुई थी। जिससे मार्ग पर जाम की स्थिति बनी हुई थी। इस अभियान का नेतृत्व नगर निगम के सीएसआई अनिल नैन ने किया।

सीएसआई अनिल नैन ने बताया कि मार्केट कमेटी सचिव मोहित बेरी ने उन्हें सूचना दी थी कि कुछ रेहड़ी संचालकों द्वारा आधी सड़क तक अपना सामान रखकर व रेहड़ियां खड़ी कर अतिक्रमण किया हुआ है। इसके अलावा रेहड़ी संचालकों द्वारा



**यमुनानगर।** सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटवाते हुए नगर निगम व मार्केट कमेटी की संयुक्त टीम। फोटो : हरिभूमि

खुले में कचरा डाला जा रहा है। रेहड़ी संचालकों द्वारा कचरा डालने के लिए कूड़ेदान का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी को सूचना दी। जिसके बाद उनके व मार्केट कमेटी सचिव मोहित बेरी के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन किया गया। जिसके बाद संयुक्त टीम ने सब्जी मंडी में पहुंचकर वहां सड़कों पर खड़ी रेहड़ियों समेत अन्य अतिक्रमण को हटवाया। सीएसआई अनिल नैन ने बताया कि इस दौरान अधिकतर रेहड़ी संचालकों के पास कचरा डालने के लिए कूड़ेदान नहीं मिले।

रेहड़ी संचालकों को चेतावनी दी गई है कि यदि दोबारा सब्जी मंडी में सड़क पर अतिक्रमण किया तो उनकी रेहड़ी व सामान जब्त किया जाएगा। साथ ही उनका चालान किया जाएगा। साथ ही सभी रेहड़ी संचालकों को डस्टबिन रखने के भी निर्देश दिए गए।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने झूला झूलकर मनाया हरियाली तीज का पर्व

- स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी में मनाया त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) में शुक्रवार को किंडर गार्टन के विद्यार्थियों के लिए हरियाली तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने सावन के गीतों पर झूला झूलकर खूब आनंद मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने नन्हें मुन्ने बच्चों को झूला झूलाकर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि स्कूल में हरियाली तीज पर्व का आयोजन करने का मुख्य उदेश्य बच्चों को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करना रहा।



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल में तीज कार्यक्रम में झूला झूलते हुए नन्हें मुन्ने बच्चे। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चे झूला झूलकर खूब आनंदित हुए। इस दौरान बच्चे रंग बिरंगी पोशाक पहनकर स्कूल में आए थे। उन्होंने झूले लिए और नृत्य किया। वहीं, कार्यक्रम में छात्राओं ने मेहंदी लगाई गई और रंग बिरंगी चूड़ियां पहनी। मौके पर स्कूल की चेयरपर्सन स्नेहलता ने बच्चों को समझाया कि तीज एक पवित्र त्योहार हैं। यह सावन के महीने मे आता है।

## दयाल सिंह पब्लिक स्कूल जगाधरी की टीम ने जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) में योगा एसोसिएशन के सहयोग से जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। योग प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों व योग संस्थानों के दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.बिंदु शर्मा ने की। इस दौरान प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं जगाधरी खंड की शिक्षा अधिकारी सुनीता गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता में विद्यालय श्रेणी में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल जगाधरी ने प्रथम स्थान, मुकुंद पब्लिक स्कूल



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाते प्रतिभागी।

मॉडल टाउन ने द्वितीय स्थान तथा न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल ने गौरवपूर्ण तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, अकादमी श्रेणी में अभ्यास योग स्टूडियो ने प्रथम, खालसा योग अकादमी ने द्वितीय और एस पब्लिक स्कूल योग अकादमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और एकाग्रता का विकास करती हैं।

उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, शिक्षकों और योग प्रशिक्षकों का आभार प्रकट किया। मुख्यातिथि एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता गुप्ता ने बच्चों को योग के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम ही नहीं है। बल्कि आत्मविकास और अनुशासन का मार्ग है। वहीं, विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। जिसे अपनाकर विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। बल्कि मानसिक रूप से भी संतुलित बनते हैं। विद्यालय हमेशा ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देता रहेगा जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हो सकें। इस अवसर पर बलविंदर सिंह,मंगल सिंह, सुनील, संजीव नागरा, जतिन, हरविंदर, कृष व अरशद आदि मौजूद थे।

### बीएमएल मुंजाल ग्रीन मेडोस स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# हम सबके हैं सियाराम धार्मिक पुस्तक के नवम संस्करण का हुआ विमोचन



**यमुनानगर।** युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरो की पुस्तक का विमोचन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा एवं उत्तराखंड के प्रसिद्ध युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरो की सुंदर कांड पर आधारित धार्मिक पुस्तक हम सबके हैं सियाराम जी पुस्तक के नवम संस्करण के विमोचन के लिए शिक्षण संस्थान बीएमएल मुंजाल ग्रीन मेडोस स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल की प्रधानाचार्या एवं प्रख्यात शिक्षाविद् जसप्रीत ओबराय ने भाग लिया। उन्होंने कवि सचिन राणा हीरो की धार्मिक पुस्तक हम सबके हैं सियाराम के नवम संस्करण का विमोचन किया।

#### दर्जनों आवार्ड से हो चुके सम्मानित

युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरो अब तक सैंकड़ों कविताएं व गीतों की रचना कर चुके हैं। उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें कई कविताओं मां, करवाचौथ, बस निर्भया, बड़ी उमर का प्यार समेत कई प्रसिद्ध कविताओं पर दर्जनों अवार्ड़ से सम्मानित किया जा चुका है।

मुख्यातिथि एवं प्रख्यात शिक्षाविद् जसप्रीत ओबराय ने सुंदरकांड पर आधारित हम सबके हैं सियाराम जी धार्मिक पुस्तक के नवम संस्करण के लिए युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरो की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हम सबके हैं सियाराम जी धार्मिक पुस्तक के नवम संस्करण का विमोचन करते हुए उन्हें बेहद खुशी हो रही है। इस पुस्तक से युवा वर्ग को प्रेरणा मिलेगी और सुंदरकांड को सरल भाषा में पढ़ने का मौका मिलेगा।

नवम संस्करण के विमोचन होने पर इस पुस्तिका ने ग्यारह हजार निःशुल्क पुस्तकें वितरण का आंकड़ा पार कर लिया है और इस लोकार्पण की विशेष बात यह रही कि प्रधानाचार्या जसप्रीत ओबराय ने पुस्तिका के ग्यारह हजार एक सो ग्यारहवीं पुस्तिका के अंक को अपने हाथों से विद्यार्थियों को लोकार्पित किया है। मुख्यातिथि जसप्रीत ओबराय ने कवि सचिन राणा हीरो को भी उनकी पुस्तक के नवम संस्करण के लिए शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, उन्होंने हम सबके है सियाराम जी पुस्तिका को अपने विधालय के पुस्तकालय में बच्चों के पाठन के लिए रखने की बात कही है। मौके पर युवा कवि सचिन हीरो ने बताया कि हम सबके हैं सियाराम जी धार्मिक पुस्तक के इससे पहले आठ संस्करण आ चुके हैं। इस पुस्तक के संस्करणों को पिछले तीन वर्षों से समाज में निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक सुंदरकांड के हिंदी सरलीकरण व श्री राम जी की धार्मिक रचनाओं से सुसज्जित है।

# विद्यार्थी स्कूल जीवन से ही करें भविष्य का लक्ष्य निर्धारितः रविंद्र

- राजकीय माध्यमिक विद्यालय अंटावा में रोजगार के उचित अवसर विषय पर कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राजकीय माध्यमिक विद्यालय अंटावा में रोजगार के उचित अवसर व्यवसाय विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में रोजगार कार्यालय रादौर के सहयाक रोजगार अधिकारी रविंदर कुमार ने भाग लिया। स्कूल के प्रिंसीपल दिनेश तंवर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्य वक्ता एवं सहायक रोजगार अधिकारी रविंदर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को स्कूल जीवन से ही अपना भविष्य का लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए। ताकि उन्हें बाद में अपने लक्ष्य के प्रति सोचना ना पड़े। उन्होंने कहा कि अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए।



**यमुनानगर।** राजकीय स्कूल अंटावा में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते मुख्यवक्ता।

उन्होंने बच्चों को डिजीटल प्लेटफार्म को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

सहायक सुमन बाला व सचिन शर्मा ने विभिन्न करियर व प्रतियोगी परीक्षाओं की विद्यार्थियों को जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वह रोजगार पोर्टल पर रजिस्टर करके विभिन्न नौकरियों, प्लेसमेंट व रोजगार मेलो की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और वहां साक्षात्कार देकर अपना जीवन खुशहाल बना सकते हैं।

इस मौके पर स्कूल के प्रिंसीपल दिनेश तंवर ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रोजगार के लिए बेहतरीन जानकारी देने के लिए मुख्य वक्ता समेत अन्य वक्ताओं का धन्यवाद किया।

# सोनीपत से 40 हजार परीक्षार्थी कुरुक्षेत्र में देंगे सीईटी की परीक्षा

बस स्टैंड पर परीक्षार्थियों को गाइड करने के लिए बनाए हैल्प डैस्क

- कुरुक्षेत्र से 35 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए दूसरे जिले में जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी की परीक्षा को लेकर कुरुक्षेत्र में 29 लोकेशन पर 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इस परीक्षा को लेकर 7 लोकेशन के परीक्षा केन्द्रों को एक क्लस्टर में शामिल किया गया है और हर कलस्टर पर एक एसडीएम और एक डीएसपी की निगरानी रहेगी। इस जिले में सोनीपत से दोनों दिन लगभग 40 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए आएंगे और कुरुक्षेत्र से लगभग 35 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए दूसरे जिले में जाएंगे।


कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद उपायुक्त नेहा सिंह व अन्य अधिकारी।

उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय एनआईसी कार्यालय में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग की अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. जी. अनुपमा ने प्रशासन से सीईटी की परीक्षा की तैयारियों व प्रबंधों को लेकर समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को घर से परीक्षा केन्द्र तक ले जाने के लिए शैटल बस सेवा उपलब्ध करवाई है।

## बसों की पार्किंग थानेसर अनाज मंडी में होगी

*उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में लगभग 40 हजार परीक्षार्थी सोनीपत जिले से आएंगे। दोनों दिन हर सत्र में लगभग 8800 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन परीक्षार्थियों को कुरुक्षेत्र में सोनीपत से लाने के लिए सोनीपत के जीएम और आरटीए सचिव ट्रांसपोटेशन की व्यवस्था करेंगे। सोनीपत से आने वाली बसों की पार्किंग थानेसरअनाज मंडी में होगी।*

## पीडब्ल्यूडी परीक्षार्थियों के लिए घर से सेंटर तक लाने ले जाने के लिए मिलेगी शटल बस सेवा

*उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के पीडब्ल्यूडी परीक्षार्थियों के लिए उनकी इच्छानुसार घर से सेंटर तक और सेंटर से घर तक ले जाने के लिए शैटल बस सेवा की सुविधा उपलबध करवाई गई है।।*

## बस स्टैंड पर परीक्षार्थियों के लिए बनाए हैल्प डेस्क

*उपायुक्त ने कहा कि बस स्टैंड पर प्रशासन की तरफ से परीक्षार्थियों को गाइड करने के लिए हेल्प डेस्क बनाएं गए है। इन हेल्प डेस्क पर टीमों का गठन किया गया है और परीक्षार्थी को हर प्रकार की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। परिवहन विभाग की तरफ से हर ब्लॉक में की बसों की व्यवस्था उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से 26 व 27 जुलाई को दोनों सत्रों में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट(सीईटी) ग्रुप सी के लिए रोडवेज प्रशासन की तरफ से कुरुक्षेत्र के 10 ब्लॉक के बस स्टैंड से बस चलाने की व्यवस्था की है।*

## 75 से अधिक दिव्यांग छात्रों की जांच की

कुरुक्षेत्र। समग्र शिक्षा परियोजना परिषद विभाग पंचकूला सहायक सलाहकार डा. धीरज कौशिक ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य जांच विभागीय कार्य होने के साथ सेवा का काम है। सभी अधिकारियों - कर्मचारियों को इस कार्य को सेवाभाव से ही पूरा करना होगा। समग्र शिक्षा परियोजना परिषद विभाग पंचकूला सहायक सलाहकार डा. धीरज कौशिक शुक्रवार को राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में जिला समग्र शिक्षा परियोजना परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा दिव्यांगों छात्रों के लिए दो दिवसीय मेडिकल चेकअप कैंप शिविर के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

## जिलेभर में उत्साह से मनाया तीज का पर्व, स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित कार्यक्रमों में दिखी हरियाणवी संस्कृत की धूम

# स्कूलों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाक में की मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





जिलेभर में शुक्रवार को हरियाली तीज महोत्सव उत्साह से मनाया गया है। इस अवसर पर विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें हरियाणवी संस्कृति की झलक दिखी। स्कूलों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाक में जमकर मस्ती की। वहीं, स्कूलों के साथ ही कॉलेजों में भी छात्राओं व शिक्षण स्टाफ ने हरियाणवी गीत गाते हुए झूला झूलकर तीज महोत्सव मनाया। गुरु नानक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के जूनियर व सीनियर विंग के प्रांगण में तीजोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सीनियर विंग के व जूनियर विंग के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सीनियर विंग से छठी कक्षा की छात्रा प्रिया व छात्र सक्षम आकाश ने हरियाणवी प्रस्तुति दी। सातवीं कक्षा की छात्राओं जैस्मिन, इश्मीत, अवनीत और ग्रुप ने पंजाबी प्रस्तुति दी। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने तीज उत्सव के महत्व के बारे में बताया। दसवीं व 12वीं कक्षा के छात्रों ने गिद्दा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यापक शशिभूषण व परमजीत कौर ने भी प्रस्तुति दी। जूनियर विंग से छात्रों की माताओं ने भी प्रस्तुति दी। दूसरी, तीसरी और चौथी कक्षा के छात्रों ने कविताओं के माध्यम से तीज उत्सव के के बारे में बताया। पांचवी कक्षा की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। पहली कक्षा की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य पेश किया। इस अवसर पर सीनियर विंग प्रिंसिपल चरणजीत कौर व जूनियर विंग इंचार्ज डॉ ममता शर्मा व पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। चरणजीत कौर व डॉक्टर ममता शर्मा ने माताओं का धन्यवाद किया और छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## सतलुज स्कूल में मनाई तीज

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को हरियाली तीज का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसमें प्लेवे से दूसरी तक के लगभग 260 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। प्लेवे से दूसरी तक के विद्यार्थी सांस्कृतिक वेशभूषा में आए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल डॉ. आरएस घुम्मन ने दीप प्रज्जवलित कर की। उन्होंने विद्यार्थियों को तीज के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है इसलिए इसे हमें मिलजुल कर मनाना चाहिए। नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों ने कविताएं, सोलो डांस, ग्रुप डांस और कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस और एकल डांस की परस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर बच्चों ने झूलों का भी आनन्द लिया। सभी प्रतियोगिओ को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन आशा और कल्पना गुप्ता ने बेखुभी निभाया। इस अवसर पर एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, वाईस प्रिंसिपल सतबीर सिंह,,लखविंदर कौर हरविंदर कौर, रितु सैनी, मोनिका सचदेवा, सतनाम कौर, डिंपल, कल्पना गोयल, अनु अग्रवाल , लीना,अरुण रानी, पूजा,ऋतिक ,महेंद्र कुमार आदि स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

## छात्रों को तीज के महत्व के बारे में बताया



कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 विद्यालय में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद सदन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने तीज के पारंपरिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तीज के गीतों पर नृत्य के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने कहा कि तीज महोत्सव हमें हमारी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने और उन्हें मनाने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर, विद्यालय के प्रांगण को सजाया गया था और छात्रों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। तीज महोत्सव के आयोजन से छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने का अवसर मिला और उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ने का मौका मिला।

## अक्षरा स्कूल में लोकगीतों की दी प्रस्तुति

पिहोवा। अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक रंग में रँगा हुआ हरियाली तीज महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं और रंग-बिरंगे झूलों से स्कूल का वातावरण हरियाली और उत्सव के रंगों में सराबोर हो गया। इस अवसर पर स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर जन्नत काहड़ा ने कहा कि हरियाली तीज हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा पर्व है, जो प्रकृति से जुड़ाव और महिलाओं के सशक्तिकरण का संदेश देता है। ऐसे आयोजन बच्चों को हमारी परंपराओं से जोड़ते हैं और उनमें सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना जागृत करते हैं। स्कूल के प्रिंसिपल शोबे मैथ्यू ने अपने संदेश में कहा, हमारे विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और पर्वों की गरिमा से भी जोड़ना है। हरियाली तीज जैसे उत्सव बच्चों को मिल-जुलकर आनंद लेने और प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।/"कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सजाए गए झूले, मेहंदी प्रतियोगिता, पारंपरिक रैंप वॉक और गीत-संगीत की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## लिटिल मिलेनियम स्कूल में सांस्कृतिक रंगों के साथ उल्लासपूर्वक महोत्सव



कुरुक्षेत्र। लिटिल मिलेनियम स्कूल में तीज का त्योहार उत्साह और सांस्कृतिक विविधता के साथ पूरे हर्षोल्लास में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं हरे रंग की पारंपरिक वेशभूषा में स्कूल पहुँचे और वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत रंगीन झूलों से हुई, जहां बच्चों ने झूला झूलने का भरपूर आनंद लिया। साथ ही, मेहंदी और चूड़ी स्टॉल पर छात्राओं ने सुंदर डिजाइनों की मेहंदी रचाई और आकर्षक चूड़ियां पहनकर आनंदित हुईं। विशेष रूप से तैयार किए गए तीज व्यंजनों फिरनी, घेवर और विभिन्न मिठाइयों का स्वाद भी सभी ने बड़े चाव से लिया। इस अवसर पर आयोजित धीयां दा मेला कार्यक्रम में छात्राओं ने लोक गीतों की धुन पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने सभी उपस्थितों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधन परमिंदर सिंह बाठ का उद्देश्य ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय विरासत, उत्सवों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है। इस उत्सव को सफल बनाने में शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## लोक संस्कृति का प्रतीक है तीज पर्व : रजवंत कौर



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के धरोहर संग्रहालय में तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। धरोहर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की अध्यक्षा रजवंत कौर सहित सभी महिलाओं ने हरियाणवी गीत गाते हुए झूला झूलकर तीज महोत्सव मनाया। रजवंत कौर ने तीज महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि तीज पर्व भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। इस पर्व से ऋतु परिवर्तन की भी अनूठी शुरूआत होती है। कहा कि हरियाली तीज घर में बेटी-बहूओं के लिए नई खुशियां लेकर आती हैं। तीज हमारी लोक संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से एक है। तीज का पर्व समर्पण और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। तीज हमारे समाज में नारी की भूमिका और उसकी आंतरिक शक्ति का उत्सव है।

# मिड डे मील में सुधार करने की मांग

- जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला कुरुक्षेत्र ने मिड डे मील आपूर्ति में गंभीर लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार की मांग की है। थानेसर, लाडवा और पिहोवा खंडों में मिड डे मील की आपूर्ति कर रही इस्कॉन संस्था द्वारा लगातार 24वें दिन चावल आधारित एक ही रेसिपी



परोसी जा रही है, जो सरकार द्वारा तय साप्ताहिक मीनू के विरुद्ध है। यह स्थिति न केवल पोषण योजना की मूल भावना का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ भी बड़ा अन्याय है। संघ द्वारा इस समस्या को पहले भी विभाग और इस्कॉन प्रतिनिधियों के समक्ष कई बार उठाया गया, मगर हर बार केवल आश्वासन ही मिला, कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने विभाग से कड़े संज्ञान लेने की अपील करते हुए कहा कि यदि शीघ्र सुधार न हुआ तो शिक्षक संघ को आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा।



## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वर्कशॉप का समापन

कुरुक्षेत्र। श्रीजयराम विद्यापीठ, कुरुक्षेत्र में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला के सौजन्य से इको क्लब फॉर्मेशन लाइफ हेतु तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वर्कशॉप का समापन हुआ। वर्कशॉप की मेजबानी जिला परियोजना संयोजक कुरुक्षेत्र, संतोष चौहान, द्वारा की गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री राजेश कुमार सहायक परियोजना संयोजक रहे। कार्यक्रम में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला की ओर से धीरज कौशिक, राम कुमार एवं उनकी टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों से अढउ व डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के उद्देश्यों को सभी स्कूलों के प्रत्येक छात्र तक पहुंचाना है ताकि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हो सके तथा वे पर्यावरण बचाने और निखारने के लिए हर संभव प्रयास कर सकें।

# शुद्ध अन्न के प्रयोग को लेकर किया जागरुक

- नवयुग स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में उत्तर प्रदेश के रहने वाले युवा गौरव त्यागी जैविक खेती के संदेश को लेकर भारत अन्न शुद्धि पदयात्रा के दौरान विद्यालय में पहुंचे जहां विद्यालय की छात्राओं ने उन्हें तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा जी ने उन्हें प्रशस्ति पट्टिका पहनाकर उनका स्वागत किया। गौरव त्यागी जी ने विद्यार्थियों को शुद्ध अन्न के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए जैविक खेती को अपनाना चाहिए। जैविक खेती के अनेक फायदे उन्होंने विद्यार्थियों को बताए जब हम शुद्ध अन्न का



प्रयोग करेंगे तभी बीमारियों से दूर रहेंगे। उन्होंने 26 जून 2025 कश्मीर से कन्याकुमारी तक पदयात्रा शुरू की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि/"भारत अन्न शुद्धि पदयात्रा/" एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य है अन्न की शुद्धता और जैविक खेती के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।


पिहोवा। संगेश्वर धाम में भगवान शिव के भस्माभिषेक में शामिल कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल व श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## संगमेश्वर धाम में भगवान शिव के भस्माभिषेक में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल

पिहोवा। श्रावण मास के चलते संगमेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रात्रि भस्माभिषेक किया गया। इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय राज्यसभा एवं आपदा प्रबंधन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मुख्य यजमान के तौर पर भस्माभिषेक में शामिल हुए। विपुल गोयल ने कहा कि पहली बार ऐसे विशेष पूजन में उन्हें शामिल होने का अवसर मिला है। भस्माभिषेक में शामिल होने के बाद उन्हें परमसुख की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि संगमेश्वर महादेव मंदिर पूरे विश्व में विख्यात है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार का प्रयास रहेगा कि यहां श्रद्धा और पर्यटन का अनोखा तालमेल स्थापित किया जाए।

**खेल** ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया

# डिवाइन स्कूल के खिलाड़ियों ने खेलों में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शाहबाद के डिवाइन विद्यायल के छात्रों ने हाल ही में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनके पदों पर जीत हासिल की है विधालय के होनहार खिलाड़ियों ने विभिन खेलो जैसे दोड लम्बी कूद शाट पूट टेबल टेनिस जूडों बैडमिनटन एयर रिफिल चैस ताई क्मांडों और वालीबाल आदि में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। स्कूल के प्रबंधक डॉ गुरदीप सिंह हेयर, स्कूल प्रधानाचार्या राजिन्द्र खुब्बड और


शाहबाद। विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते प्रधानाचार्य। फोटो : हरिभूमि

उपप्रधानाचार्य मनीश मलिक ने इन छात्रों का बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता उनके उत्साह अनुशासन और कठिन परिश्रम और उनकी खेलों के प्रति समर्पण की भावना के कारण प्राप्त हुई । प्रधानाचार्या ने कहा कि हमें गर्व हे कि हमारे विद्यार्थी पाठयक्रम के साथ-साथ खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। स्कूल के सभी शिक्षकों - शिक्षकाओं ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजेता विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार रहेः- बैडमिनटन में अंडर- 14 में वंदना और पलक, एकमजीत सिंह , नक्श और माधव और विराज का जिला स्तर पर चयन हुआ , अंडर-17 में अविशि और अद्वितीय शूटिग 10 मीटर एयर रिफिल गेम में मनकीरत सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## सतरंज में हरसिमरन प्रथम

सतरंज में हरसिमरन सिंह, अद्वितीय कुमार, हरमिन्दर सिंह और इंतजार ने पहला स्थान हासिल किया। ताई क्वांडो अंडर -14 में उदय ने प्रथम स्थान और प्रभजीत सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया। वालीबाल में रनीश और जतिन का हैडबाल अंडर -14 के जिला स्तर पर चयन हुआ। टेबल टेनिस अंडर -14 में प्रियांश डंग, हरबीर सिंह, जश्न और दिव्यांश सैनी ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर -14 दौड़ में निर्मल सिंह ने 400 मीटर की दौड़ में पहला स्थान 100 मीटर की दौड़ में दूसरा स्थान हासिल किया। गुरकिरत सिंह ने 600 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। शॉट पुट और डिस्कस अंडर -17 में हरसित ने तृतीय स्थान , योगेश 200 मीटर लॉग जम्प में प्रथम और तृतीय स्थान हासिल किया। जूडों अडर -14 में एकाश 50 ज्यादा किलोग्राम वेट में प्रथम स्थान हासिल किया और अंडर -17 में आरूष ने -50 किलोग्राम में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि हमें गर्व हे कि हमारे विधार्थी पाठयक्रम के साथ-साथ खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। स्कूल के सभी शिक्षकों -शिक्षकाओं ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

